आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29.11.2024 समय : 07.10pm

## मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ओडिसा की तीन दिवसीय यात्रा पर पहुँचे भुवनेश्वर, कहा विपक्ष देश को कर रहा है गुमराह।
- मुख्यमंत्री आज जर्मनी में निवेशकों के साथ कर रहे हैं चर्चा, फरवरी में होने वाले इन्वेस्टर समिट के लिए देंगे आमंत्रण।
- भोपाल में तब्लीगी इज्तिमा की हुई शुरूआत, रेलवे ने किये विशेष प्रबंध।
- प्रदेश में तेज सर्दी का दौर जारी,भोपाल में पचमढ़ी से भी कम तापमान।

**प्रधानमंत्री–ओडिसा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिसा के तीन दिवसीय दौरे पर आज भुवनेश्वर पहुँच गये हैं। प्रधानमंत्री ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दलों की संविधान में कोई आस्था नहीं है और वे जनता को भ्रमित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यहां एक रोडशो भी किया। प्रधानमंत्री कल पुलिस महानिदेशकों को महानिरीक्षकों के सम्मेलन में भाग लेंगे।

## मुख्यमंत्री जर्मनी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान, प्रदेश में निवेश और उद्योगों के लिए संभावनाओं की तलाश करने के उद्देश्य से आज भी कई कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री आज स्टटगार्ट में लैप ग्रुप फैसिलिटी के आंद्रियास लैप, मैथियास लैप, हुबर्टस ब्रेयर के साथ लैप स्टटगार्ट फैक्ट्री का किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश के अवसरों पर राउंड टेबल बैठक में चुनिंदा उद्योग समूहों के सीईओ से चर्चा की। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव फ्रैंकफर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान कहा कि अब भारत बदल रहा है और और विश्व में अपनी नई पहचान बना रहा है।

## हम होंगे कामयाब

प्रदेश में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये 'हम होंगे कामयाब' जागरूकता अभियान के अंतर्गत 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी छिन्दवाड़ा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधियों का कैलेण्डर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार सोशल मीडिया अभियान के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों हेल्पलाईन और She-Box पोर्टल के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये आकर्षक सामग्री दी जा रही है। इसी तरह गुना

में नारे लेखन, जागरूकता रैली के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। राघौगढ़ में नारे लेखन और ग्राम रूठियाई में रैली का आयोजन किया गया। देवास जिले में महिला बाल विकास विभाग द्वारा "हम होंगे कामयाब" पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज सोशल मीडिया अभियान संचालित किया गया। जिसके तहत महिलाओं के अधिकारों, हेल्पलाइन और एसएचई- बॉक्स पोर्टल के बारे मे जागरूकता फैलाने के लिए आकर्षक सामग्री और हैशटैग के साथ सोशल मीडिया व्दारा प्रसार, पाक्सो, घरेलू हिंसा अधिनियम और बाल विवाह निषेध जैसे प्रमुख कानूनों के प्रचार हेतु ट्वीट, इन्फोग्राफिक्स और आडियो, विजुअल का उपयोग की गतिविधि आयोजित हुई।

## मीडिया पुरस्कार

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाता शिक्षा और मतदान जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान के लिये नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 प्रदान किये जायेंगे। मीडिया संस्थानों को पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे। आयोग ने 10 दिसम्बर 2024 तक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट एवं सोशल) मीडिया श्रेणियों में पृथक-पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे। इसके संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in और जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट www.mpinfo.org पर जानकारी ली जा सकती है।

## इज्तिमा रेलवे

रेल प्रशासन द्वारा आज से भोपाल में शुरु हुए इज्तिमा के दौरान धर्मावलम्बियों की सुविधा के लिए कदम उठाए हैं। इस दौरान भोपाल रेल मंडल ने यात्री ट्रेनों में सामान्य श्रेणी कोच नामित किए हैं। भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस और भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में 02 और 03 दिसबंर को एक &,D सामान्य श्रेणी कोच नामित किया गया है| वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि "नामित कोच की यह सुविधा धर्मावलम्बियों को आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करेगी। भोपाल में आज फजर की नमाज के बाद आलमी तब्लिगी इजितमा की शुरूआत हुई। दो दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में देश और विदेश से आने वाली कई जमातें शामिल हो रही हैं। ईटखेड़ी में हो रहे इस आयोजन को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाया गया है।

**महाकुम्भ**

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रयागराज महाकुम्भ 2025 को और भव्य बनाने के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस बार 1.5 लाख से अधिक शौचालय, 1.6 लाख टेंट, और 400 किमी में 30 पोन्टून ब्रिज बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री प्रयागराज में आगामी महाकुम्भ को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए 238 करोड़ रुपयों की परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रयागराज आने वाले संतो और संस्थाओं के लिए ज्यादा जगह की व्यवस्था की गई है।

**एम्स भोपाल**

भोपाल के एम्स संस्थान ने स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से एक टेलीहेल्थ कार्यक्रम डॉक्टर टू डॉक्टर शुरू किया है। इसके अंतर्गत, दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों के डॉक्टरों और एम्स भोपाल की विशेषज्ञ मेडिकल टीम के बीच वर्चुअल सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत एम्स के 24 विभागों के विशेषज्ञों की एक टीम और अन्य केंद्रों के भाग लेने वाले डॉक्टरों के बीच वर्चुअल इंटरेक्टिव सत्र शामिल हैं। इसके अलावा विशिष्ट केस-आधारित समस्याओं के बारे में प्रबंधन, परामर्श और शिक्षा शामिल है। हैं। प्रत्येक दिन चार विभागों के विशेषज्ञ पूर्व-निर्धारित समय स्लॉट के माध्यम से उपलब्ध किए जा रहे हैं।

**मौसम**

भोपाल सहित प्रदेशभर में तेज सर्दी का दौर शुरू हो गया है। दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। भोपाल की रात हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ठंडी हो गई है। गुरुवार-शुक्रवार की रात भोपाल में तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पचमढ़ी में पर 9.6 डिग्री रहा।मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सर्दी का असर और तेज होगा। प्रदेश में इस बार नवंबर माह के दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़क रहा है। फिलहाल शहडोल का कल्याणपुर और मंडला की रातें सबसे ठंडी हैं। कल रात में कल्याणपुर में तापमान 6.1 डिग्री और मंडला में 6.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

**दिल्ली-अष्टलक्ष्मी महोत्सव**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में अगले महीने की 6 तारीख को तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव 2024 का आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस महोत्सव में पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और कारीगरी संपदा का प्रदर्शन किया जाएगा। आज नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह आयोजन पूर्वोत्तर भारत और देश के बाकी हिस्सों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक अंतरको दूर करेगा।

**समाचार संक्षेप**

- खंडवा में आज सूरजकुंड बस स्टैंड पर दीनदयाल चलित रसोई योजना का शुभारंभ हुआ। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंदों को सस्ता, पौष्टिक और भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है।
- धार जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि धार जिले में त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु सभी पदों का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हो गया है।